


**बिहार विधान परिषद** **दैनिक विवरणिका**

संख्या- 1 सत्र- 211वां

**सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख**
**बुधवार, दिनांक 3.12.2025 ई.**

**माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।**

11.00 पूर्वाह्न से 12.40 अपराह्न तक

**आसन से घोषणा**

आसन से माननीय सभापति महोदय ने यह घोषणा करने की कृपा की कि माननीय श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, राष्ट्रीय जनता दल, विधायक दल, बिहार विधान सभा ने बिहार विधान परिषद् में राष्ट्रीय जनता दल की माननीया सदस्य, श्रीमती राबड़ी देवी को नेता, प्रतिपक्ष मनोनीत करने एवं माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी को मुख्य सचेतक, विरोधी दल नियुक्त किये जाने की सूचना दी है। प्राप्त सूचना के आलोक में बिहार विधान परिषद् में नेता, प्रतिपक्ष के पद पर श्रीमती राबड़ी देवी के मनोनयन तथा मुख्य सचेतक, विरोधी दल के पद पर श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी की नियुक्ति को मान्यता देता हूं और बधाई भी देता हूं ।

1. **माननीय सभापति महोदय द्वारा बिहार विधान परिषद् के 211वें सत्र के अवसर पर प्रारंभिक संबोधन**

माननीय सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् के 211वें सत्र का शुभारंभ करते हुए सदन को संबोधित करने की कृपा की माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय उप सभापति, माननीय मंत्रीगण, माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं मुख्य सचेतक, प्रतिपक्ष, बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण।

आज से बिहार विधान परिषद् का 211वां सत्र आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय उप सभापति, मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण तथा विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। साथ ही, लोकतंत्र के सजग प्रहरी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूं।

विगत दिनों संपन्न हुए बिहार विधान सभा चुनाव में राज्य की जनता ने अपने मताधिकार का शालीनता एवं सजगता से सदुपयोग किया है। उन्होंने एक बार फिर लोकतांत्रिक व्यवस्था को विजयी बनाया है। इस विधान सभा चुनाव में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ। यह आंकड़ा 1951 ई. के बाद हुए सभी चुनावों से अधिक है। इस बार एक मतदान केन्द्र पर भी दोबारा चुनाव कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। बिहार ने पूरी दुनिया के समक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता का उदाहरण पेश किया है। बिहार के प्रबुद्ध,जागरूक और संवेदनशील मतदाताओं के साथ चुनावी प्रक्रिया में शामिल सभी लोग इस हेतु धन्यवाद के पात्र हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों में जनता की आस्था और विश्वास जागृत करने हेतु मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं एवं बधाई देता हूं।

(मेजों की थपथपी)

इस विधान सभा चुनाव में जनता द्वारा दिए गए जनादेश का हम सभी सम्मान करते हैं। प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ है और माननीय श्री नीतीश कुमार जी दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हुए हैं। इस अवसर पर माननीय श्री नीतीश कुमार जी एवं उनके मंत्रिमंडल के सभी माननीय सदस्यों को और उप मुख्यमंत्री जी को मैं धन्यवाद देता हूं और हार्दिक बधाई देता हूं।

इस जनादेश द्वारा मतदाताओं ने जहां एक ओर सरकार की कार्य प्रणाली पर अपना विश्वास प्रकट किया है, वहीं दूसरी ओर इस सरकार से प्रदेश के चहुंमुखी विकास की आकांक्षा भी बढ़ी है। हमें पूरा विश्वास है कि वर्तमान सरकार के सभी उत्तरदायी प्रतिनिधिगण जनता की समस्याओं के समाधान की राह तलाशते रहेंगे। हम यह भी आशा करते हैं कि हमारे राज्य के लोकप्रिय एवं अनुभवी मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर मजबूती के साथ अपना कदम बढ़ाता रहेगा।

इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारीगण तथा मीडिया के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं और साथ ही धन्यवाद भी देता हूं।

धन्यवाद।

**2. माननीय सभापति महोदय द्वारा विधान सभा एवं विधान परिषद् की संयुक्त बैठक एवं माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संबंध में घोषणा**

माननीय सभापति महोदय ने सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि आज विधान परिषद् और विधान सभा की संयुक्त बैठक में 11.30 पूर्वाह्न माननीय राज्यपाल महोदय का अभिभाषण होगा। इसके लिए 11.25 बजे पूर्वाह्न तक बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल, पटना में माननीय सदस्यों को जाना है।

अत: आपलोगों से अनुरोध है कि उक्त समय से कुछ पूर्व ही वहां जाकर अपना स्थान ग्रहण कर लें ।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के पश्चात् सभी माननीय सदस्य यहां आएंगे, फिर आज की कार्यसूची के अनुसार परिषद् की कार्यवाही चलेगी।

तत्काल सदन की कार्यवाही स्थगित की जाती है।

तदुपरांत परिषद् के माननीय सदस्यगण विधान मंडल के सेंट्रल हॉल, पटना के लिए प्रस्थान किए।

**(अंतराल)**

(माननीय राज्यपाल महोदय के संयुक्त अभिभाषण के पश्चात्
माननीय सदस्यगण पुन: परिषद् वेश्म में समवेत हुए)

**3. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया जाना एवं उसपर वाद-विवाद हेतु समय का आवंटन**

माननीय सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम- 17(3) के अधीन बिहार विधान मंडल के संयुक्त अधिवेशन में आज दिनांक 3.12.2025 को माननीय राज्यपाल द्वारा दिये गये अभिभाषण की प्रति सदन की मेज पर रखते हुए सदन को यह सूचित करने की कृपा की कि माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर माननीया सदस्य, श्रीमती रीना देवी धन्यवाद का प्रस्ताव रखेंगी, जिसका माननीय सदस्य, प्रो.(डा.) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता अनुमोदन करेंगे ।

माननीय सभापति महोदय ने सदन को यह भी सूचित करने की कृपा की कि माननीया सदस्य, श्रीमती रीना देवी द्वारा रखे गये धन्यवाद प्रस्ताव पर आज ही अपराह्न 4.00 बजे अपराह्न तक संशोधन लिये जायेंगे, जिसपर औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 4.12.2025 को वाद-विवाद होगा एवं 4.12.2025 को ही उसपर सरकार का उत्तर होगा।

**4. माननीय सभापति महोदय द्वारा 211वें सत्र के लिए अध्यासीन सदस्यों की तालिका की घोषणा**

माननीय सभापति महोदय ने बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 10 के अंतर्गत बिहार विधान परिषद् के 211वें सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को अध्यासीन सदस्य मनोनीत करने की घोषणा की -

1. डा. संजीव कुमार सिंह
2. श्री नवल किशोर यादव
3. डा. मदन मोहन झा
4. श्री महेश्वर सिंह

**5. अध्यादेशों का सदन पटल पर रखा जाना**

1 माननीय मंत्री, श्री अशोक चौधरी द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड (2) (क) के अनुसार माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार आकस्मिकता निधि (संशोधन) अध्यादेश, 2025 की प्रति सदन की मेज पर रखी गयी।

2. माननीय मंत्री, श्री अशोक चौधरी द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड (2) (क) के अनुसार माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2025 की प्रति सदन की मेज पर रखी गयी।

**6. वित्तीय कार्य**

माननीय मंत्री, डा. दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी की एक प्रति सदन की मेज पर रखी गयी।

**आसन से बधाई**

आसन से माननीय सभापति महोदय ने माननीय मंत्री, डा. दिलीप कुमार जायसवाल के जन्मदिन पर सदन की ओर से बधाई दी।

**7. शोक-प्रकाश**

1. स्वर्गीय सत्यपाल मलिक
2. स्वर्गीय शिबू सोरेन
3. स्वर्गीय राणा गंगेश्वर सिंह
4. स्वर्गीय श्रीचंद सिंह
5. स्वर्गीय हरिनंदन यादव
6. स्वर्गीय धर्मेन्द्र

तदुपरांत माननीय सभापति महोदय ने इन दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी ओर से एवं सदन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

(तत्पश्चात् दिवंगत आत्माओं की चिर-शांति हेतु सदन में
एक मिनट मौन खड़े रहकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।)

**तत्पश्चात् परिषद् की बैठक बृहस्पतिवार, दिनांक 4.12.2025 ई. को 12.00 मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई।**

03/12/2025

**(सुभीम शर्मा)**
मुख्य प्रतिवेदक
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक- 1234(3)/वि.प. पटना, दिनांक 3.12.2025

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण/ मननीय राज्यपाल के सचिव, बिहार/ महाधिवक्ता, बिहार/ लोकायुक्त, बिहार/ बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/ सभी राज्यों के विधानमंडलों के सचिव/ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली/ विधि मंत्रालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/ निदेशक, जनसंपर्क एवं सूचना विभाग, बिहार/ अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित।

अनिल कुमार आनन्द
3.12.2025

**(अनिल कुमार आनंद)**
वरीय प्रतिवेदक
बिहार विधान परिषद्